<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## नवनिर्मित वीडियो स्टूडियो मिनी कृषि दूरदर्शन के रूप में पहचान दिलायेगा-डा. तेज प्रताप

पंतनगर। 20 मार्च 2021। पंतनगर के संचार केन्द्र भवन में कुलपति, डा. तेज प्रताप ने नवनिर्मित वीडियो स्टूडियो का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक संचार, डा. संजीव कुमार बंसल तथा ई. संजीव कुमार गोयल उपस्थित थे।

कुलपति डा. तेज प्रताप ने कहा कि वीडियो स्टूडियो के निमार्ण से कृषक वैज्ञानिक वार्ता को एक नया आयाम एवं त्वरित गति प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि भारत में कुछ ही विश्वविद्यालय हैं जिनका स्वयं का संचार केन्द्र है और यह वीडियो स्टूडियो इस केन्द्र को मिनी कृषि दूरदर्शन के रूप में पहचान दिलायेगा। डा. प्रताप ने बताया कि वर्तमान के कृषक शिक्षित एवं तकनीकों से जुड़े हुए हैं और यह सुविधा किसानों को सीधे पंतनगर के वैज्ञानिकों के साथ संवाद करने में सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस स्टूडियो का उपयोग सीधा प्रसारण, किसानों की समस्या का समाधान तथा किसानों के विचारों के आदान-प्रदान के लिए किया जायेगा। डा. प्रताप ने संचार केन्द्र के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर निदेशक संचार, डा. एस.के. बंसल ने कुलपति, डा. तेज प्रताप को नवनिर्मित वीडियो स्टूडियो का भ्रमण कराया एवं उपकरणों की कार्य प्रणाली की जानकारी दी और कहा कि यह सुविधा किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सीधे संवाद करने में सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में किसान कृषि संबंधित समस्याओं का समाधान अपने क्षेत्र पर ही प्राप्त सकेंगे। उद्घाटन के इस अवसर पर व्यवसाय प्रबंधक, श्री वी. के. सिंह, प्रबंधक विश्वविद्यालय मुद्रणालय, श्री अनिल मलिक के साथ संचार केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

*वीडियो स्टूडियो का उद्घाटन करते कुलपति डा. तेज प्रताप, निदेशक संचार, डा. एस.के. बंसल एवं ई. एस.के. गोयल के साथ अन्य अधिकारी।*